दिन– शुक्रवार दिनांक– 05 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में तीस वर्ष पुराने सभी पुल–पुलियों की जांच की जाएगी। राज्य सरकार ने कहा – पंद्रह दिनों में पूरा होगा सर्वेक्षण।

02. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों और प्रदेश के विभिन्न भागों में हो रही बारिश के कारण कई नदियां खतरे के निशान के पार। निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

03. प्रदेश में इक्कीस हजार से अधिक पदों के लिए सिपाही बहाली परीक्षा सात से अट्ठाईस अगस्त के बीच आयोजित की जायेगी।

04. और, महाराष्ट्र में आयोजित सीनियर रग्बी राष्ट्रीय महिला प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने रजत पदक प्राप्त किया।

---

जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने कहा है कि राज्य में तीस वर्ष पुराने सभी पुल–पुलियों की जांच की जाएगी। श्री प्रसाद ने पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जांच का काम पंद्रह दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि पिछले दिनों कई पुलों के धंसने की घटना को विभाग ने गंभीरता से लिया है और जांच में दोषी पाये गये अभियंताओं और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलों के ध्वस्त होने की घटनाओं की जांच विभाग का उड़नदस्ता संगठन कर रहा है। इस संगठन के आज अपनी जांच रिपोर्ट सौंपने की संभावना है। श्री प्रसाद ने बताया कि छाड़ी नदी पर बनाए गए छह पुलों के ध्वस्त होने में ठेकेदारों ने गाद की उड़ाही में पुलों के पाये और बुनियादी संरचना का ध्यान नहीं रखा। उन्होंने कहा कि छाड़ी नदी पर नए पुल–पुलिया के निर्माण के लिए एक सप्ताह के भीतर कार्ययोजना तैयार कर ली जाएगी।

–––बाईट–––

---

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश को बाढ़ से बचाव के लिए भारत–नेपाल सीमा पर बांध निर्माण के लिए केंद्र

सरकार की टीम अध्ययन कर रही है। उन्होंने सम्स्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का तेज गति से विकास हो रहा है।

---बाईट---

---

नेपाल के तराई क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश के चलते राज्य से होकर गुजरने वाली नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान से अट्ठाईस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से चौंतीस सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। नदी का जलस्तर सुपौल के बसुआ में खतरे के निशान के आस–पास पहुंच गया है। इधर, महानंदा नदी का जलस्तर पूर्णियां के ढेंगराघाट में लाल निशान से ऊपर दर्ज किया गया। कटिहार के झावा में नदी का जलस्तर चेतावनी के स्तर को पार कर गया है। परमान नदी अररिया में लाल निशान से सत्रह सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।

---

नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से प्रदेश के कई हिस्सों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि कोसी नदी के जलस्तर में कमी आने के बावजूद नदी का दबाव कई तटबंधों पर बना हुआ है। नदी का पानी किशनपुर प्रखंड के मौजहा पंचायत के निचले इलाकों में फैल गया है। कई लोगों के घर क्षतिग्रस्त हो गये हैं। इधर, कटिहार से हमारे संवाददाता ने बताया कि महानंदा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से अमदाबाद प्रखंड सबसे अधिक प्रभावित है। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया कि कटाव क्षेत्र में बाढ़ निरोधात्मक कार्य के जरिये कटाव रोकने की कोशिश की जा रही है। दरभंगा जिले में कमला बलान नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से कई गांव बाढ़ के पानी से घिर गये हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के गौड़ाबौराम प्रखंड क्षेत्र में कमला बलान नदी का पानी चतरा, रहीटोल, बौराम मुसहरी और मंसारा समेत कई गांवों में फैल गया है। सड़कों पर पानी आ जाने के चलते लोग नाव के सहारे आवागमन कर रहे हैं। किसानों की मूंग और धान की फसल पूरी तरह से पानी में डूब गयी है। खगड़िया में कोसी और बागमती नदी ने तबाही मचानी शुरू कर दी है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

---बाईट---

जिले के चौथम और बेलदौर प्रखंड के कई गांवों में कोसी और बागमती नदी के उफान से कटाव जारी है। चौथम प्रखंड के दियारा क्षेत्र अन्तर्गत सरसवा पंचायत के सिसवा, ठुट्ठी मोहनपुर पंचायत के अग्रहण गांव और रोहियार पंचायत के बंगलिया गांव में भीषण कटाव हो रहा है। सिसवा गांव में कई बीघा उपजाऊ जमीन नदी के गर्भ में समा गयी है। नदी की मुख्य धारा आबादी तक पहुंचने लगी है, जिस कारण लोगों में डर का माहौल है। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

इधर, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, सीतामढ़ी और शिवहर जिले में भी नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

---

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्से में अधिकांश स्थानों जबकि दक्षिणी हिस्से में कई स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान है। हिमालय की तलहटी वाले जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। विभाग ने आज सीवान, मुजफ्फरपुर, किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर अत्यधिक बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, वैशाली, समस्तीपुर और सुपौल जिले में एक–दो स्थानों पर भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान इन स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान वैशाली जिले के लालगंज में सबसे अधिक पंचानवे दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, नालंदा के रहुई में सत्तासी दशमलव दो और राजगीर में पचहत्तर दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

---

प्रदेश में सिपाही बहाली परीक्षा सात से अट्ठाईस अगस्त के बीच छह चरणों में आयोजित की जायेगी। केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती ने कहा है कि यह परीक्षा सात, ग्यारह, अठारह, इक्कीस, पच्चीस और अट्ठाईस अगस्त को एक पाली में ली जाएगी। पर्षद ने परीक्षा की तैयारी के संबंध में जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है। एडमिट कार्ड और परीक्षा केन्द्र की बारे में सूचना अलग से पर्षद की वेबसाईट पर दी जाएगी। इस परीक्षा के माध्यम से इक्कीस हजार से अधिक पुलिस कर्मियों की बहाली होगी। परीक्षा के लिए अठारह लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। गौरतलब है कि सिपाही बहाली परीक्षा अक्टूबर दो हजार तेईस में आयोजित की गयी थी, जिसे प्रश्न पत्र लीक होने के कारण रद्द कर दिया गया था।

---

मुजफ्फरपुर के चक्कर मैदान में दस जुलाई को आयोजित होने वाली अग्निवीर बहाली के तहत शारीरिक दक्षता की जांच के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिये गये हैं। सेना भर्ती बोर्ड ने अभ्यर्थियों को एक दिन पहले ही आयोजन स्थल पहुंचने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान अभ्यर्थियों को लेजर प्रिंटर से ही एडमिट कार्ड प्रिंट कराने की सलाह दी गयी है, ताकि बार कोड रीडर से जांच करने में परेशानी नहीं हो।

---

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि शैक्षणिक वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस से कक्षा तीन और छह के लिए नई और आकर्षक पाठ्यपुस्तकें लाई जाएंगी। उन्होंने नई दिल्ली में आयोजित बैठक में बताया कि पाठ्यपुस्तकों की तैयारी का कार्य अंतिम चरण में है और कक्षा तीन और छह की नौ पाठ्यपुस्तकें पहले से ही उपलब्ध हैं। शेष आठ पुस्तकें बहुत जल्द उपलब्ध होंगी। श्री प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस का उद्देश्य बेहतर शिक्षण परिणामों के लिए सीखने की प्रक्रिया को आनंदायक और तनाव मुक्त बनाना और सस्ती कीमत और उच्च गुणवत्ता की पाठ्य पुस्तकें प्रदान करना है।

---

भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी धीरेंद्र ओझा को पत्र सूचना कार्यालय –पी.आई.बी. का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। श्री ओझा शेफाली शरण का स्थान लेंगे, जिन्हें प्रकाशन विभाग का महानिदेशक नियुक्त किया गया है।

---

प्रदेश में श्रवाणी मेला के आयोजन को लेकर तैयारियां जारी हैं। मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा की अध्यक्षता में मेले की तैयारियों को लेकर विभिन्न प्रमंडलों के आयुक्त, जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इधर, राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने विभिन्न स्थानों पर मेलों के आयोजन के लिए पांच करोड़ रूपये से अधिक की राशि जारी की है। विभाग ने कहा है कि जिलों द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग आने पर उसे भी पूरा किया जाएगा। गौरतलब है कि श्रावण के महीने की शुरूआत बाईस जुलाई से हो रही है। इस दौरान प्रदेश में बांका, भागलपुर, मुंगेर, लखीसराय, जमुई, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, पूर्णियां, बेगूसराय, मधुबनी और जहानाबाद में श्रावणी मेलों का आयोजन किया जाएगा।

---

बिहार के तेरह आकांक्षी जिलों और इकसठ आकांक्षी प्रखंडों समेत देशभर में सम्पूर्णता अभियान की शुरूआत की गयी है। तीन महीने तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा जैसे छह चिन्हित संकेतकों में संतृप्ति प्राप्त करना है। वैशाली जिले के लालगंज में अभियान की शुरूआत करते हुये नीति आयोग के संयुक्त निदेशक एस.एम. खान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर आकांक्षी जिलों और प्रखंडों में इस कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है।

---बाईट---

---

महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित सीनियर रग्बी राष्ट्रीय महिला प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने रजत पदक प्राप्त किया है। प्रतियोगिता के फाइनल में बिहार की टीम ओडिशा से हार कर उपविजेता बनी है। इधर, महाराष्ट्र के रत्नागिरि में आयोजित आठवीं राष्ट्रीय बालक और बालिका जूनियर लगोरी प्रतियोगिता में बिहार ने कांस्य पदक जीता है। इस प्रतियोगिता का आयोजन अट्ठाईस से तीस जून के बीच किया गया था। इस प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने पहली बार पदक जीता है।

---

राष्ट्रीय जनता दल आज अपना अट्ठाईसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस मौके पर पटना स्थित पार्टी मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

---

विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने हिन्दी का अधिकाधिक इस्तेमाल करने पर बल दिया है। उन्होंने क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय की ओर से प्रकाशित पत्रिका दर्शन का लोकार्पण करते हुए कहा कि इससे राजभाषा को बढ़ावा मिलेगा।

---

गोपालगंज में सीमेंट लदे एक अनियंत्रित ट्रक के कार पर पलट जाने से इसमें सवार महिला दरोगा और चालक की घटनास्थल पर मौत हो गई। गोपालगंज सदर–दो के एसडीपीओ अभय रंजन ने बताया कि महिला दारोगा सतिभा कुमारी के अदालत जाने के दौरान यह हादसा हुआ।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने मुम्बई में टी–ट्वेंटी विश्वकप जीतकर स्वेदश लौटी भारतीय टीम के स्वागत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– मुम्बई में विश्व–विजेताओं के स्वागत के लिए उमड़ा जनसैलाब।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– नीट पेपर लीक में सीबीआई के रिमांड पर पांच आरोपित।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– एक और पुल गिरा, सरकार ने गलती मानी।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– हेमंत सोरेन बने झारखंड के सीएम, आठ को करेंगे विश्वासमत हासिल।

**राष्ट्रीय सहारा** ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान का शीर्षक लगाया है– आतंकवाद के हिमायतियों को करें बेनकाब।

**आज** अखबार लिखता है– संविदा पर नियोजित ड्राईवर और परिचारी के पारिश्रमिक तय।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में तीस वर्ष पुराने सभी पुल–पुलियों की जांच की जाएगी। राज्य सरकार ने कहा – पंद्रह दिनों में पूरा होगा सर्वेक्षण।
02. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों और प्रदेश के विभिन्न भागों में हो रही बारिश के कारण कई नदियां खतरे के निशान के पार। निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।
03. प्रदेश में इक्कीस हजार से अधिक पदों के लिए सिपाही बहाली परीक्षा सात से अट्‌ठाईस अगस्त के बीच आयोजित की जायेगी।
04. और, महाराष्ट्र में आयोजित सीनियर रग्बी राष्ट्रीय महिला प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने रजत पदक प्राप्त किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।